RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 178 | SUNDAY 05-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER

Visit at : www.uturntime.com

## चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव लड़ेगा शिरोमणि अकाली दल (पुनर सुरजीत), 2029 लोकसभा चुनाव लड़ने का भी ऐलान

### 2 दिसंबर के हुकमनामे की भावना के तहत चंडीगढ़ इकाई का गठन



चंडीगढ़/यूटर्न/04 जुलाई। आगामी चंडीगढ़ नगर निगम चुनावों से पहले शिरोमणि अकाली दल (पुनर सुरजीत) ने शनिवार को शहर में अपनी राजनीतिक सक्रियता का औपचारिक आगाज करते हुए चंडीगढ़ इकाई के गठन की घोषणा की। पार्टी ने नगर निगम चुनाव लड़ने के साथ-साथ वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव में चंडीगढ़ संसदीय सीट से भी उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया है। पार्टी ने स्पष्ट किया कि समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन को लेकर बातचीत जारी है। पार्टी के महासचिव एवं चंडीगढ़ प्रभारी गुरजीत सिंह तलवंडी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चंडीगढ़ भौगोलिक और सामाजिक रूप से पंजाब का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने शिरोमणि अकाली दल (बादल) के नेतृत्व पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सुखबीर सिंह बादल के कार्यकाल में चंडीगढ़ के अकाली कार्यकताओं और जनता की लगातार अनदेखी हुई, जिससे पार्टी का कैडर निराश होकर या तो निष्क्रिय हो गया या अन्य दलों में शामिल हो गया। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष ज्ञानी हरप्रीत सिंह के नेतृत्व में और 2 दिसंबर 2024 को श्री अकाल तख्त साहिब से जारी हुकमनामे की भावना के अनुरूप विभिन्न अकाली धड़ों को एक मंच पर लाने का प्रयास सफल रहा है। पार्टी ने शहर में जोन इंचार्ज नियुक्त कर दिए हैं और अगले एक महीने में संगठन की पूरी संरचना घोषित की जाएगी।

### नगर निगम चुनाव के लिए जारी किया एजेंडा

पार्टी ने चंडीगढ़ के विकास और प्रशासन से जुड़े कई मुद्दों पर अपना एजेंडा भी पेश किया। इसमें आसपास के गांवों के लिए गुजरात मॉडल की तर्ज पर भूमि पूलिंग नीति लागू करने या बाजार मूल्य के अनुसार मुआवजा देने, गांवों को मॉडल विलेज के रूप में विकसित करने और कम आय वाले परिवारों को प्रति माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली तथा 30 हजार लीटर मुफ्त पानी उपलब्ध कराने की मांग शामिल है।

### पंजाबी को सरकारी भाषा बनाने की मांग

शिरोमणि अकाली दल (पुनर सुरजीत) ने चंडीगढ़ में पंजाबी को सरकारी भाषा घोषित करने और पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के तहत पंजाब और हरियाणा के लिए निर्धारित 60 :40 अनुपात के अनुसार यूटी प्रशासन में नियुक्तियां करने की मांग उठाई। नेताओं का कहना था कि शहर की लगभग 90 प्रतिशत आबादी पंजाबी बोलती है, लेकिन भाषा को अब तक उचित सरकारी मान्यता नहीं मिली।

### '२४ घंटे शहर' और फ्रीहोल्ड नीति का वादा

पार्टी ने चंडीगढ़ को 24 घंटे सक्रिय रहने वाले वैश्विक शहर के रूप में विकसित करने की बात कही। इसके तहत सेक्टर-17 में यूरोपीय शैली का शॉपिंग विलेज विकसित करने, एमएसएमई के लिए उद्योग अनुकूल नीति बनाने, औद्योगिक प्लॉटों के व्यावसायिक उपयोग के नियम आसान करने और 99 वर्ष की लीज पर मौजूद व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्लॉटों को फ्रीहोल्ड करने की मांग रखी गई। इसके अलावा आईएसबीटी, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और अन्य नागरिक सुविधाओं को विश्वस्तरीय बनाने की भी बात कही गई।

### गठबंधन पर बातचीत जारी

गुरजीत सिंह तलवंडी ने बताया कि नगर निगम चुनाव के लिए समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन पर बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि गठबंधन केवल ऐसे साझा न्यूनतम कार्यक्रम के आधार पर होगा जिसमें चंडीगढ़ के लोगों के हितों और विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व अकाली नेता गुरनाम सिंह सिद्धू, पतवंत सिंह रियार, पूर्व डिप्टी मेयर मोहिंदर सिंह, पूर्व एसजीपीसी सदस्य अमरिंदर सिंह सहित कई पंथक संगठनों और गुरुद्वारा प्रबंधकों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।



# युवाओं में तेजी से बढ़ रही दिल की बीमारियां, बिना सर्जरी इलाज भी एक विकल्पः डॉ. एस. एस. सिबिया (डॉ. सुखबिंदर सिंह सिबिया)



**पहले दिल की बीमारियों को बढ़ती उम्र से जोड़कर देखा जाता था, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। आज कम उम्र के लोग भी हार्ट डिजीज का शिकार हो रहे हैं। खराब लाइफस्टाइल, तनाव, प्रदूषण, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और नींद की कमी जैसे कई कारण इसके पीछे माने जा रहे हैं। ऐसे में दिल की बीमारियों की पहचान, बचाव और इलाज को लेकर डॉ. एस. एस. सिबिया (डॉ. सुखबिंदर सिंह सिबिया) ने विस्तार से बातचीत की।**




**सबसे पहले आपके सफर के बारे में जानना चाहेंगे। डॉक्टर बनने की प्रेरणा कहां से मिली और हार्ट मरीजों के लिए बिना सर्जरी इलाज की दिशा में आपने कैसे काम शुरू किया?**

डॉ. एस. एस. सिबिया (डॉ. सुखबिंदर सिंह सिबिया): 1990-92 के आसपास मेरे साथ पोस्ट ग्रेजुएशन कर चुके डॉ. राकेश कुमार की माता जी को हार्ट की गंभीर समस्या हुई। उस समय उन्हें स्टेंट या बायपास की सलाह दी जा रही थी, लेकिन परिवार इसके लिए तैयार नहीं था। उनकी बहन लंदन में थीं। उन्होंने वहां से बिना सर्जरी होने वाले इलाज से संबंधित मेडिकल साहित्य भेजा और कहा कि इसे देखिए कि क्या यह इलाज संभव है। शुरूआत में मुझे भी इस पर भरोसा नहीं हुआ, लेकिन जब मैंने रिसर्च पेपर पढ़े तो लगा कि यह संभव है। उस समय ई-मेल नहीं होते थे, इसलिए मैंने विदेशों के डॉक्टरों को फैक्स भेजकर उनके अनुभव पूछे। लगभग सभी ने इस इलाज के अच्छे परिणाम बताए। इसके बाद मुझे इंग्लैंड जाकर ट्रेनिंग करने का अवसर मिला। इसी दौरान एक मरीज, जिसे पहले स्टेंट लगाया गया था, कुछ समय बाद फिर से वही परेशानी होने लगी। डॉक्टरों ने दोबारा एंजियोग्राफी और संभवतः बायपास की सलाह दी। मरीज आर्थिक रूप से भी परेशान था। इसके बाद हमने बिना सर्जरी इलाज शुरू किया और उसे अच्छे परिणाम मिले। वहीं से इस दिशा में काम आगे बढ़ा। आज हमारे पास ACT Chelation Therapy, ECP और एरटफजैसी तकनीकें उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग बिना सर्जरी हार्ट मरीजों के इलाज में किया जा रहा है।

**किन मरीजों के लिए यह इलाज ज्यादा उपयोगी है?**

डॉ. एस. एस. सिबिया (डॉ. सुखबिंदर सिंह सिबिया): जिन मरीजों को किडनी, फेफड़ों की बीमारी, अनियंत्रित डायबिटीज, हार्ट फेलियर या दूसरी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, उनके लिए बायपास सर्जरी का जोखिम ज्यादा होता है। इसके अलावा ऐसे मरीज जिनकी पहले स्टेंट या बायपास हो चुकी है लेकिन फिर भी परेशानी बनी हुई है और जो दोबारा स्टेंट या बायपास के लिए उपयुक्त नहीं हैं, उनके लिए भी यह इलाज उपयोगी हो सकता है। हर मरीज को स्टेंट या बायपास की जरूरत नहीं होती। शुरूआती अवस्था में बीमारी को बढ़ने से रोकने की कोशिश करनी चाहिए।

**पहले हार्ट की बीमारी बुजुर्गों में ज्यादा देखने को मिलती थी, लेकिन अब युवाओं में भी तेजी से बढ़ रही है। इसकी वजह क्या है?**

डॉ. एस. एस. सिबिया (डॉ. सुखबिंदर सिंह सिबिया): यह चिंता का विषय है। पहले 50-60 साल की उम्र में हार्ट की बीमारी देखने को मिलती थी। बाद में यह 40 साल तक पहुंची और अब 30 साल से कम उम्र के मरीज भी सामने आ रहे हैं। यहां तक कि बहुत कम उम्र के मरीजों में भी हार्ट अटैक के मामले सामने आए हैं। इसके पीछे खराब लाइफस्टाइल, प्रदूषण, तनाव, मोटापा, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, नींद की कमी, धूम्रपान और शराब जैसी कई वजहें हैं। अगर इन पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में यह समस्या और बढ़ सकती है।

***आपने एक मरीज का जिक्र किया, जो आर्थिक रूप से परेशान था। क्या बिना सर्जरी इलाज खर्च के लिहाज से भी बेहतर विकल्प है?***

*डॉ. एस. एस. सिबिया (डॉ. सुखबिंदर सिंह सिबिया): यह इलाज कई मामलों में कम खर्चीला साबित हो सकता है। खासकर उन मरीजों के लिए जो महंगे इलाज का खर्च नहीं उठा सकते या जिनके लिए दूसरे विकल्प उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे मरीजों के लिए यह एक महत्वपूर्ण विकल्प हो सकता है।*

**आज के समय में स्वस्थ जीवनशैली कितनी जरूरी है?**

डॉ. एस. एस. सिबिया (डॉ. सुखबिंदर सिंह सिबिया): हेल्थ एजुकेशन बहुत जरूरी है और इसकी शुरूआत स्कूल स्तर से होनी चाहिए। परिवारों को भी बच्चों को शुरू से ही सही खान-पान और अच्छी आदतों के बारे में जागरूक करना चाहिए। आज देर रात तक जागना, जंक फूड खाना, शराब और धूम्रपान को फैशन समझना आम हो गया है। यह जीवनशैली भविष्य में गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। अगर लोग समय पर सोएं, संतुलित भोजन करें, नियमित व्यायाम करें और नशे से दूर रहें, तो दिल की बीमारियों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# कारोबार करना होगा आसानः राइट टू बिजनेस एक्ट लागू, बिना लंबी मंजूरियों के शुरू हो सकेंगे उद्योग

## गृह मंत्रालय की अधिसूचना के बाद लागू हुआ नया कानून, सिंगल विंडो सिस्टम और डीम्ड अप्रूवल से निवेशकों को बड़ी राहत

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/04 जुलाई। चंडीगढ़ में उद्योग और कारोबार शुरू करने की प्रक्रिया अब पहले से कहीं अधिक आसान होने जा रही है। केंद्र सरकार ने पंजाब राइट टू बिजनेस एक्ट, 2020 को आवश्यक संशोधनों के साथ केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में लागू कर दिया है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के बाद यह व्यवस्था प्रभावी हो गई है, जिससे उद्योगों को समयबद्ध मंजूरियां, डिजिटल सिंगल विंडो सिस्टम और कई प्रक्रियाओं में राहत मिलेगी। चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि इस फैसले का उद्देश्य निवेशकों को बेहतर कारोबारी माहौल उपलब्ध कराना, मंजूरियों में लगने वाला



समय कम करना और शहर में नए निवेश को आकर्षित करना है। अधिसूचना पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 की धारा-87 के तहत जारी की गई है।

**निवेशकों के लिए बनेगी नई नोडल एजेंसी...**नई व्यवस्था के तहत चंडीगढ़ ब्यूरो ऑफ एंटरप्राइज एंड इन्वेस्टमेंट (सीबीईआई) की स्थापना की जाएगी, जो निवेशकों के लिए एकल संपर्क केंद्र (Sinfgle Window Agency) के रूप में कार्य करेगी। यह एजेंसी विभिन्न सरकारी विभागों के बीच समन्वय स्थापित करेगी, निवेश प्रस्तावों पर कार्रवाई करेगी और उद्योगों से जुड़ी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करेगी। ब्यूरो की कमान उद्योग सचिव के पास होगी, जबकि उद्योग निदेशक अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी की जिम्मेदारी निभाएंगे।

**इन परियोजनाओं को मिलेगा सीधा लाभ...**नया कानून आईटी पार्क, बायोटेक पार्क, विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड), औद्योगिक टाउनशिप, फूड प्रोसेसिंग पार्क, ग्रोथ सेंटर और चंडीगढ़ प्रशासन अथवा केंद्र सरकार से स्वीकृत अन्य औद्योगिक एवं व्यावसायिक परियोजनाओं पर लागू होगा। इन परियोजनाओं को मंजूरियां पहले की तुलना में अधिक तेजी से मिल सकेंगी।

**डिक्लेरेशन के आधार पर कारोबार शुरू करने की सुविधा...**कानून की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि पात्र उद्योगों को केवल घोषणा-पत्र (Declaration of Intent) के आधार पर इन-प्रिंसिपल अप्रूवल मिल सकेगा। इससे उद्यमियों को सभी औपचारिक स्वीकृतियों का इंतजार किए बिना अपना कारोबार शुरू करने का अवसर मिलेगा। संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन का निपटारा करना होगा।

**तय समय में फैसला नहीं तो मिलेगी स्वतः मंजूरी...**नई व्यवस्था में 'डीम्ड अप्रूवल' का भी प्रावधान किया गया है। यदि कोई विभाग निर्धारित समय सीमा में आवेदन पर निर्णय नहीं लेता, तो स्वीकृति स्वतः मानी जाएगी और उसका विवरण सिंगल विंडो पोर्टल पर उपलब्ध होगा। इससे फाइलों के लंबित रहने की समस्या कम होने की उम्मीद है।

**पूरी प्रक्रिया होगी ऑनलाइन...**निवेशक एक ही डिजिटल पोर्टल के माध्यम से आवेदन, दस्तावेज अपलोड, आवेदन की स्थिति, प्रमाणपत्र, निरीक्षण रिपोर्ट और शिकायत निवारण जैसी सभी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। जिन इकाइयों को इन-प्रिंसिपल अप्रूवल मिल जाएगा, उन्हें उसकी वैधता अवधि के दौरान नियमित निरीक्षणों से भी छूट मिलेगी।

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 178 | SUNDAY 05-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



असली वाला कौन है, दोनों में से किंग।
आपस में ही भिड़ गये, चन्नी और वड़िंग।
चन्नी और वड़िंग, बुला ली घर में मीटिंग।
बोले हम से अरे, हो गई देखो चीटिंग।
कह साहिल कविराय, बचाना हड्डी-पसली।
दोनों में से कौन, किंग है सचमुच असली।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल




# अरोड़ा खत्री परिवार की भरी सभा में हाई वोल्टेज ड्रामा

## समाजसेवी पर बुजुर्ग पिता और अपाहिज भाई ने लगाए करोड़ों की प्रॉपर्टी हड़पने के गंभीर आरोप, बोले : गौशाल में किया चारा घोटाला तो प्रॉपर्टी हथियाने को परिवार पर किए 32 केस

## राजनेता ने झुठलाए आरोप बोले उनकी छवि खराब करने का प्रयास

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/4 जुलाई। शनिवार को सुंदर नगर स्थित किंग पैलेस में अरोड़ा खत्री समाज की और से महासभा का आयोजन किया गया। चलती सभा में उस समय भारी हंगामा हो गया, जब नामी समाजसेवी व कांग्रेसी नेता पर उन्हीं के 92 वर्षीय बुजुर्ग पिता बलवंत सिंह बवेजा और आपाहिज भाई गुलशन लाल बवेजा ने गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने चलती सभा में समाजसेवी और गौशाला कमेटी मुखी, उनके बेटे और फर्म के पॉर्टनर्स पर गौशाला में चारा घोटाला करने, करोड़ों की जमीनों के लालच में अपने ही परिवार पर 32 केस कराने, लोगों की जमीनें हड़पने के गंभीर आरोप लगाए। जिसके बाद माहौल गर्मा गया। उन्होंने आरोप लगाए कि जनता की नजर में समाजसेवी उक्त व्यक्ति ने लोगों पर ही उनकी जमीनें हड़पने के लिए 120 केस कर रखे हैं। अगर कोई जमीन नहीं देता तो उस पर झूठे पर्चे करवाए जाते हैं। उनका आरोप है कि एक सांसद तो उसे सैल्यूट मारता है। पॉलीटिक्ल अप्रोच होने और ठगियों में मोटी कमाई के चलते कोई उसे हाथ नहीं पाता। पिता बलवंत सिंह बवेजा और भाई गुलशन लाल बवेजा ने स्टेज पर जाकर समाज से उक्त समाजसेवी का बहिष्कार करने की अपील करने की कोशिश की। लेकिन उन्हें स्टेज पर ही नहीं चढ़ने दिया गया। सभा में पद्मश्री ओंकार सिंह पाहवा, राजिंद्र सिंह बसंत, आप नेता मनू जैरथ, विपन सूद काका समेत समाज की कई नामी शख्शियतें इस दौरान मौजूद रही। जिनके सामने यह विवाद हुआ। हालांकि कुछ लोग लगातार पिता-बेटे को चुप कराकर मामला शांत कराने का प्रयास करते नजर आए।



मीटिंग में पहुंचे बुजुर्ग बलवंत सिंह और आपाहिज गुलशन बवेजा




मीटिंग में मौजूद गणमान्य सदस्य

### लालू की तरह लुधियाना में भी हुआ चारा घोटाला

गांव बौकड़ डोगरां के रहने वाले गुलशन लाल बवेजा ने आरोप लगाए कि उनका कॉलोनाइजर व नेता भाई गौशाला चलाता हैं, जबकि कई संस्थाओं में शामिल है। उसकी और से समाज के साथ ही धोखा किया जा रहा है। उनका आरोप है कि अरोड़ा-खत्री समाज के लोगों द्वारा अपनी कमाई में कटौती कर गौशालाओं में दान देते हैं ताकि गायों के चारे की व्यवस्था हो सके। लेकिन उनके भाई ने गौशालाओं को मिलने वाले दान में बड़ा घोटाला किया और बिहार के लालू प्रसाद यादव की तरह चारे में भी घोटाला किया। उसका ऑडिट किया जाए तो बड़ा हेरफेर सामने आएगा।

### इंसाफ के लिए सुप्रीम कोर्ट तक धक्के खाने को मजबूर बुजुर्ग पिता

गुलशन बवेजा का आरोप है कि आस्था के नाम पर ठगियां करने वाले उक्त समाजसेवी भाई समेत सभी बच्चों को पिता बलवंत सिंह द्वारा हिस्सा दे दिया गया। अपना 14 किले से अधीक हिस्सा लेने के बाद उसने पिता और मेरे पास मौजूद जमीनों में भी हिस्सा मांगना शुरू कर दिया। फिर उनकी गांव तलवंडी, शिवपुरी समेत कई स्थानों पर पड़ी जमीनों के झूठे केस दायर किए और कब्जाने के लिए दबाव डालने का प्रयास किया। यहीं नहीं उसने हाल ही में एक झूठी शिकायत पुलिस कमिश्नर लुधियाना को दी, जिसे डीसीपी इन्वेस्टिगेशन डील कर रहे हैं। अफसर भी जानते हैं कि वे झूठा है। साल 2020 में बेदखल करने के बावजूद वे जमीन हड़पने को हिस्सा मांग रहा है, जो कि लीगल नहीं है। उनकी शिकायत न तो बंद की जा रही है और न ही इंसाफ दिया जा रहा है। भाई ने बलवंत और गुलशन बवेजा पर 32 केस दर्ज करवाए। ज्यादातर में वे बरी हुए। इंसाफ के लिए आज भी बुजुर्ग पिता 92 साल की उम्र में सुप्रीम कोर्ट के चक्कर लगा रहे हैं।



मीटिंग में मौजूद अरोड़ा-खत्री समाज के लोग

### गौशाला प्रबंधकों से ही कर डाली ठगी


बलवंत बवेजा का आरोप है कि उनके समाजसेवी बेटे और उसके पुत्र मिलकर जमीनें हड़पते हैं। उन्होंने फिल्लौर स्थित गौशाला के पीछे एक योजना के तहत लगभग 24 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से जमीन खरीदी। बाद में उसी जमीन का हिस्सा 1.80 करोड़ में गौशाला को बेच दिया। यहीं नहीं दोनों बाप बेटे द्वारा अपने पॉर्टनर्स के साथ मिलकर फर्जी एनओसी के आधार पर रजिस्ट्रियां कराई गई। इस संबंध में थाना मोती नगर, लुधियाना में एफआईआर दर्ज है। इसके अतिरिक्त उन पर खिलाफ थाना लाडोवाल, सलेम टाबरी और मेहरबान में भी कई एफआईआर दर्ज हैं। इन सभी ने मिलकर करोड़ों रुपये की स्टांप ड्यूटी चोरी, सीएलयू फीस, डेवलपमेंट फीस तथा कथित फर्जी या बिना एनओसी के सैकड़ों रजिस्ट्रियां कराने संबंधी शिकायतें जिला प्रशासन के पास लंबित हैं।

### वन विभाग की 50 करोड़ की जमीन हड़प ली

बलवंत सिंह का आरोप है कि उनके समाजसेवी बेटे और उसके पुत्र ने लोगों पर झूठे केस कर रखे हैं। उन्होंने खुद ने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे वन विभाग की लगभग 15 कनाल भूमि, जिसकी कीमत लगभग 50 करोड़ रुपये है, पर अवैध कब्जा कर रखा है। सुप्रीम कोर्ट में केस हारने के बावजूद आज तक वह भूमि सरकार को नहीं सौंपी। उनका आरोप है कि 12 वर्ष पहले भी समाजसेवी की ओर से उनके, उनके आपाहिज पुत्र गुलशन लाल और उसकी पत्नी सिम्मी बवेजा के खिलाफ कथित रूप से झूठा मामला दर्ज कराया था। उस मामले में मेरे बेटे गुलशन लाल को 38 दिन जेल में रहना पड़ा। बाद में हाईकोर्ट ने मामला रद्द कर दिया। इस मामले से परेशान होकर सिम्मी बवेजा की असमय मृत्यु हो गई। मेरे छोटे बेटे शेर सिंह के साथ भी अन्याय हुआ। उसकी भी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। इस दौरान समाजसेवी से आरोपों संबंधी बातचीत की गई, लेकिन उन्होंने कोई जवाब देने से इंकार कर दिया।

# लुधियाना में 15 साल पहले नामधारी तारी हत्या मामले में हत्यारे का स्कैच जारी, सीबीआई ने 2 लाख का इनाम रखा

मोहाली/यूटर्न/4 जुलाई। चंडीगढ़ स्थित सीबीआई की स्पेशल क्राइम ब्रांच (एससीबी) लुधियाना ने करीब 15 साल पुराने अवतार सिंह तारी हत्याकांड को सुलझाने के लिए एक्शन मोड में आई है। अब सीबीआई ने वारदात में शामिल एक मुख्य संदिग्ध हमलावर का स्केच जारी किया है। इसके साथ ही, आरोपी की गिरफ्तारी या मामले को सुलझाने में सहयोग करने वाले वाले को 2 लाख रुपए इनाम की घोषणा की है। सीबीआई ने इस संबंधी जानकारी शेयर करने के लिए अपने मोबाइल नंबर जारी किए हैं। सीबीआई का दावा है कि जानकारी देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।


CENTRAL BUREAU OF INVESTIGATION
SPECIAL CRIME BRANCH
Sector 30-A, Chandigarh
Phone/Fax: 0172-2657285, 5256850
REWARD OF RS. 2,00,000/-

Sketch of the person who shot Avtar Singh Tari

On 12.04.2011, Avtar Singh Tari (a follower of Namdhari Sect) was murdered by two unknown motorcycle-borne assailants who fired at him with an AK-47 rifle at the Katani Kalan-Chandigarh Main Road, District Ludhiana. In this regard, CBI, SCB, Chandigarh registered a Case No. RC0512017S0004 dated 09.01.2017, and is conducting investigation. CBI hereby declares a reward of Rs. 2,00,000/- to any person who can provide credible information leading to solving of the above murder and apprehension of the accused. The name and identity of the informer will be kept secret.

All members of the general public are hereby requested to come forward, if they have any credible information about the murder of deceased Avtar Singh Tari, or any other relevant information. They may contact the Investigating Officer or the Supervisory Officer on the below mentioned numbers or visit CBI Office at Sector 30-A, Chandigarh.

| Investigation Officer | Supervisory Officer |
|---|---|
| SCB, Sector 30-A, Chandigarh | SCB, Sector 30-A, Chandigarh |
| Ph. No. 9465758932, 0172-5256834 | Ph. No. 0172-2657102, 0172-2657285 |

I-8159

## 11 गोलियां दागीं थी तारी पर

घटना 12 अप्रैल 2011 की है। नामधारी संप्रदाय के अनुयायी अवतार सिंह तारी पर लुधियाना जिले के कटानी कलां-चंडीगढ़ मुख्य मार्ग पर मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। हमलावरों ने इस वारदात को अंजाम देने के लिए खतरनाक एके-47 राइफल का इस्तेमाल किया था। इस भीषण हमले में अवतार सिंह तारी की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## उत्तराधिकार को लेकर नामधारी गुटों में संघर्ष

हमलावरों ने पीड़ित के शरीर में एके-47 राइफल से 11 गोलियां दागीं थी। उस समय की मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस हत्या को नामधारी संप्रदाय के उत्तराधिकार को लेकर नामधारी गुटों के बीच चल रहे संघर्ष से जोड़ा था। मोहाली निवासी अवतार सिंह, सतगुरु जगजीत सिंह के दामाद संत जगतार सिंह के करीबी सहयोगी थे। उस समय पुलिस ने इस संबंधी साहनेवाल पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज किया गया है। अवतार सिंह के बहनोई बलवंत सिंह के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया।

# रोटरी क्लब ऑफ ट्राई सिटी पंचकूला को मिला स्टार क्लब सम्मान

पंचकूला/यूटर्न/04 जुलाई। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3080 की ओर से वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं और उल्लेखनीय कार्यों के लिए रोटरी क्लब ऑफ ट्राई सिटी पंचकूला को स्टार क्लब सम्मान से सम्मानित किया गया। क्लब के प्रधान दिनेश बंसल को स्टार अचीवमेंट प्रेसिडेंट और सचिव को स्टार अचीवमेंट सेक्रेटरी अवार्ड भी मिला। यह सम्मान उत्तराखंड के रुड़की में आयोजित डिस्ट्रिक्ट अवार्ड समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन रवि प्रकाश द्वारा प्रदान किया गया। बाद में असिस्टेंट गवर्नर मुकेश अग्रवाल ने यह सम्मान क्लब प्रधान दिनेश बंसल को सौंपा। वर्ष 2025-26 के दौरान क्लब ने कंबल, जूते, जुराबें व टोपियां वितरण, स्कूली बच्चों को स्कूल बैग देना,




वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस समारोह जैसे कई सेवा प्रकल्प किए। दिनेश बंसल ने कहा कि यह सम्मान क्लब के हर सदस्य की मेहनत और सेवा भावना का परिणाम है। क्लब भविष्य में भी समाजहित के कार्यों को उसी उत्साह से जारी रखेगा। सदस्यों ने इसे पूरी टीम की उपलब्धि बताते हुए खुशी जताई।

# अमरावती में चोरी करने वाले तीन नाबालिग 12 घंटे में काबू

पंचकूला/यूटर्न/04 जुलाई। अमरावती क्षेत्र में घर से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी करने के मामले को पंचकूला पुलिस ने महज 12 घंटे में सुलझा लिया। पुलिस ने चोरी के आरोप में तीन नाबालिगों को काबू कर उनसे अधिकांश आभूषण बरामद किए हैं।

पुलिस चौकी अमरावती में पंचकूला निवासी युवती ने शिकायत दी थी कि 27 जून को वह और उनके पति घर पर ताला लगाकर काम पर गए थे। दोपहर में लौटने पर अलमारी खुली मिली और आभूषण व नकदी गायब थे। शिकायत पर थाना पिंजौर में बीएनएस की धारा 305(1) के



तहत मामला दर्ज किया गया। अमरावती चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर प्रीतम सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने जांच करते हुए तीन नाबालिगों को काबू किया। पूछताछ में ईडब्ल्यूएस डीएलएफ फ्लैटों के पास झाड़ियों से सोने की बालियां, कोका, चांदी की पाजेब, चुटकियां, ब्रेसलेट, चेन, सिक्का और चांदी का छोटा हाथी बरामद किया गया।

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि तीनों नाबालिगों को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल सुधार गृह अंबाला भेज दिया गया है।

# प्राइवेट अस्पतालों का खेलः वादों का बिस्तर, मरीजों के लिए नहीं

हर कुछ महीनों में एक जानी-पहचानी कहानी सामने आती है। एक गरीब परिवार इलाज के लिए एक प्राइवेट अस्पताल से दूसरे अस्पताल भटकता है, लेकिन उन्हें यही सुनने को मिलता है कि ₹कोई बिस्तर खाली नहीं है₹। फिर भी, ऑडिट, कोर्ट की बनाई कमेटियों और सरकारी डेटा से बार-बार एक परेशान करने वाला विरोधाभास सामने आता है: आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षित बिस्तर अक्सर खाली पड़े रहते हैं, जबकि हकदार मरीजों को लौटा दिया जाता है। यह सिर्फ. प्रशासनिक चूक नहीं है। यह एक सामाजिक समझौते का उल्लंघन है।


संदीप शर्मा, सम्पादक

पूरे भारत में, खासकर दिल्ली में, कई प्राइवेट अस्पतालों को रियायती दरों पर सरकारी जमीन दी गई या अन्य सरकारी रियायतें इस साफ शर्त पर दी गई कि वे अपने बिस्तरों और आउटपेशेंट सेवाओं का एक हिस्सा आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए आरक्षित रखेंगे। यह ज़िम्मेदारी कोई दान-पुण्य नहीं थी। यह सरकारी सब्सिडी के बदले में की गई एक शर्त थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, अदालतों द्वारा इन ज़िम्मेदारियों को फिर से पुष्ट करने के लगभग दो दशक बाद भी, इनका पालन ठीक से नहीं हो रहा है। कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल (कैग) का हालिया ऑडिट एक चिंताजनक तस्वीर पेश करता है। इसमें पाया गया कि 2016-17 और 2021-22 के बीच चिन्हित प्राइवेट अस्पतालों में उपलब्ध ईडब्ल्यूएस सुविधाओं का केवल 29 प्रतिशत ही इस्तेमाल किया गया, जो रेफरल, निगरानी और शिकायत निवारण में सिस्टम की खामियों की ओर इशारा करता है। ऑडिट ने ऐसे मामलों की भी ओर इशारा किया जहां स्पष्ट कानूनी आदेशों के बावजूद हकदार लाभार्थियों को मुफ्त इलाज से वंचित रखा गया।

यह कोई नई समस्या नहीं है। 2015 में ही एक्टिविस्टों ने आरोप लगाया था कि अस्पताल अक्सर बिस्तरों की अनुपलब्धता का बहाना बनाते थे, जबकि ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित बिस्तर खाली पड़े रहते थे या उन पर पैसे देने वाले मरीज भर्ती होते थे। जो बात स्थिति को और भी निराशाजनक बनाती है, वह यह है कि सरकारों ने नियमों के पालन की निगरानी के लिए बहुत मेहनत से इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में एक रियल-टाइम डैशबोर्ड है जो चिन्हित प्राइवेट अस्पतालों में मुफ्त बिस्तरों की उपलब्धता दिखाता है। फिर भी, सरकारी पोर्टल पर खाली बिस्तरों का दिखना तब तक कोई राहत नहीं देता जब तक अस्पताल का स्टाफ भर्ती करने से मना करता रहे, रेफरल सेंटर काम न कर रहे हों, या गरीब मरीजों को अपने अधिकारों के बारे में पता ही न हो।

पूरे भारत में, सरकारें प्राइवेट हेल्थकेयर सेक्टर के साथ साझेदारी पर तेजी से निर्भर हो रही हैं। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने प्राइवेट अस्पतालों में सरकारी फंड पहुंचाकर इस रिश्ते को और मजबूत किया है। अगर प्राइवेट हेल्थकेयर को पब्लिक हेल्थ डिलीवरी का एक अहम हिस्सा बनना है, तो जवाबदेही को वैकल्पिक नहीं रखा जा सकता। ईडब्ल्यूएस के तहत इलाज देने के लिए ज़िम्मेदार हर अस्पताल को रिजर्व बेड की उपलब्धता की जानकारी ऑनलाइन और अस्पताल के गेट पर, रियल-टाइम में दिखानी चाहिए। अगर किसी मरीज को भर्ती करने से मना किया जाता है, तो उसका लिखित कारण बताना जरूरी होना चाहिए। स्वतंत्र ऑडिट भी अनिवार्य होना चाहिए। हेल्थकेयर किसी दूसरी सर्विस जैसा नहीं है। भर्ती करने से मना करना सिर्फ.एक असुविधा नहीं है; यह ज़िंदगी और मौत के बीच का फर्क भी हो सकता है। जब प्राइवेट हेल्थकेयर बनाने में सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल होता है, तो आम लोगों को अस्पताल के गेट के बाहर इंतजार नहीं करवाना चाहिए।



पेज 12 गणेश विहार में सीवरेज मिला पानी पीने को...

# कांग्रेस की वही पुरानी कहानी: वड़िंग ने चन्नी को बड़ा भाई कहा, फिर भी अंदरूनी कलह जारी

चंडीगढ़/यूटर्न/4 जुलाई। पंजाब कांग्रेस में गुटबाजी बढ़ रही है क्योंकि पार्टी हाईकमान ने अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को राज्य अध्यक्ष बनाए रखने का फैसला किया है। शनिवार को हुई अलग-अलग घटनाओं से पार्टी के अंदर बढ़ती बेचैनी और 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले एकजुटता दिखाने की कोशिशें, दोनों ही बातें सामने आई। पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने अपने मोरिंडा आवास पर शक्ति प्रदर्शन किया था। वहां बागी नेताओं ने हालिया संगठनात्मक नियुक्तियों पर सवाल उठाए और आगे का कदम तय करने से पहले कांग्रेस हाईकमान के जवाब का इंतजार करने का फैसला किया। इसके एक दिन बाद, वड़िंग ने मतभेदों को कम करने की कोशिश की। उन्होंने चन्नी को अपना ९बड़ा भाई९ बताया और कहा कि सभी वरिष्ठ नेता मिलकर पंजाब में पार्टी को सत्ता में वापस लाने के लिए लड़ेंगे।



## बैठक में शामिल हुए कई नेता

मोरिंडा बैठक में कई मौजूदा और पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री और जिला नेता शामिल हुए। बैठक में शामिल लोगों ने वड़िंग के पंजाब कांग्रेस प्रमुख बने रहने पर असंतोष जताया, जबकि उम्मीद थी कि यह जिम्मेदारी चन्नी को सौंपी जाएगी। बागी गुट ने तुरंत किसी आंदोलन की घोषणा तो नहीं की, लेकिन संकेत दिया कि वे अपनी भविष्य की रणनीति तय करने से पहले पार्टी हाईकमान के जवाब का इंतजार करेंगे।

## वड़िंग ने मतभेदों को किया खारिज


कुछ घंटों बाद, वड़िंग ने पार्टी के भीतर गंभीर मतभेद की खबरों को खारिज करते हुए राजनीतिक माहौल को शांत करने की कोशिश की। उन्होंने जोर देकर कहा कि चन्नी एक सम्मानित वरिष्ठ नेता हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में कांग्रेस नेतृत्व मिलकर काम करेगा और अगर कोई मतभेद है, तो उसे पार्टी के भीतर ही सुलझा लिया जाएगा।

## चुनौती उजागर करता घटनाक्रम

ये अलग-अलग घटनाक्रम कांग्रेस नेतृत्व के सामने मौजूद चुनौती को उजागर करते हैं। हाईकमान ने संतुलन बनाने की कोशिश की है: वड़िंग को पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रमुख बनाए रखा है, प्रताप सिंह बाजवा को विपक्ष का नेता बनाए रखा है और चन्नी को अभियान समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। लेकिन असंतोष के ताजा प्रदर्शन से पता चलता है कि राज्य इकाई के कुछ हिस्से इस व्यवस्था से सहमत नहीं हैं। विधानसभा चुनाव में एक साल से भी कम समय बचा है। ऐसे में कांग्रेस के सामने गुटबाजी को रोकने और सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के खिलाफ एकजुटता दिखाने की चुनौती है।

# जेएंडके की स्कूल किताब में आतंकियों और अलगाववादियों को महान हस्तियां बताया गया; भाजपा ने इसे एकेडमिक जिहाद कहा

चंडीगढ़/यूटर्न/4 जुलाई। जम्मू-कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आरोपों के बाद एक राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा ने उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार पर सरकारी स्कूलों की लाइब्रेरी में एक ९राष्ट्र-विरोधी९ किताब को शामिल करने की अनुमति देने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि इस किताब में आतंकियों और अलगाववादियों को ९महान हस्तियां९ बताकर उनका महिमामंडन किया गया है। यह विवाद (जम्मू-कश्मीर की हस्तियां और दिग्गज) नाम की किताब को लेकर है, जिसे कथित तौर पर 'समग्र शिक्षा' योजना के तहत सरकारी स्कूलों की लाइब्रेरी के लिए मंजूरी दी गई थी। भाजपा के अनुसार, इस किताब में आतंकवाद और अलगाववाद से जुड़े लोगों की प्रोफाइल शामिल है, जिसके चलते पार्टी ने इसे ९एकेडमिक जिहाद९ का मामला करार दिया है।




## शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने शिक्षा मंत्री सकीना इट्टू के इस्तीफे की मांग की और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से आग्रह किया कि वे तुरंत इस किताब को वापस लें और इस बात की जांच के आदेश दें कि स्कूलों में इसे चलाने की मंजूरी कैसे दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षण संस्थानों में इस तरह की सामग्री पेश करना युवा सोच को प्रभावित करने और राष्ट्रीय अखंडता को कमजोर करने की कोशिश के बराबर है।

## भाजपा की मंजूरी देने वालों पर कार्रवाई की मांग

भाजपा ने किताब को मंजूरी देने के लिए ज़िम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है। पार्टी का तर्क है कि जनता के पैसे का इस्तेमाल ऐसी सामग्री को बढ़ावा देने के लिए नहीं किया जाना चाहिए, जो उग्रवाद और अलगाववाद से जुड़े लोगों की छवि को बेहतर बनाती हो या उनका महिमामंडन करती हो। इस विवाद ने केंद्र शासित प्रदेश में शिक्षा और शासन से जुड़े मुद्दों पर भाजपा और नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार के बीच बढ़ते राजनीतिक तनाव को और बढ़ा दिया है। शनिवार शाम तक, भाजपा के आरोपों पर जम्मू-कश्मीर सरकार या शिक्षा विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई थी।

# अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना सरकार का लक्ष्य: रणबीर गंगवा

## बरवाला में संत कबीर दास जी के नाम पर बनेगा चौक, धानक समाज के लिए कई घोषणाएं




चंडीगढ़/हिसार। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने हिसार के बरवाला में संत शिरोमणि कबीर दास जी महाराज के नाम पर एक चौक बनाने की घोषणा की। संत कबीर दास जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार 'संत-महापुरुष विचार प्रसार योजना' के तहत संतों और महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है, ताकि युवा पीढ़ी उनके जीवन और आदर्शों से प्रेरणा ले सके। उन्होंने कहा कि संत कबीर दास ने अपने दोहों के माध्यम से समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। आज भी उनके विचार समाज के लिए उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को अपनाने और मेहनत के दम पर आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि अब सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता है और सफलता का आधार केवल योग्यता और मेहनत है। कैबिनेट मंत्री ने धानक समाज की सभी प्रमुख मांगों को पूरा करने की घोषणा भी की। उन्होंने बताया कि समाज की धर्मशाला और लाइब्रेरी का निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा, वहीं एक सामुदायिक केंद्र भी बनाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अनूप धानक ने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

# नशा तस्करी के खिलाफ अभियान में चार तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में नशीले पदार्थ और शराब बरामद

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/4/जुलाई। लुधियाना (देहाती) पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अलग-अलग इलाकों से चार नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से हेरोइन, भारी मात्रा में भुक्की चूरा पोस्त और अवैध शराब बरामद की है।

1. हेरोइन तस्करी का भंडाफोड़ (थाना सिधवां बेट): अरकगुरसेवक सिंह की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सिधवां बेट इलाके से दो तस्करों- लवजीत सिंह (पुत्र जगदेव सिंह, निवासी सेरपुर कलां) और सतविंदरदीप सिंह (पुत्र करम सिंह, निवासी सेख दौलत)-को गिरफ्तार किया। इनके पास से 08 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है।

2. भुक्की चूरा पोस्त के साथ एक गिरफ्तार (थाना सदर रायकोट): SI/SHO गुरसेवक सिंह की टीम ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए रविंदर सिंह उर्फ रवि (पुत्र शिंगारा सिंह, निवासी शाहजहांपुर) को काबू किया। आरोपी के पास से 08 किलो 400 ग्राम भुक्की चूरा पोस्त और बाइक के साथ गिरफ्तार किया है.

3. थाना सदर पुलिस ने ASI अमरीक सिंह की टीम ने 18 बोतल शराब के साथ एक आरोपी कुलविंदर कौर पत्नी लखबीर सिंह निवासी गांव बुडा पत्ती को काबू किया है, जो अवैध रूप से शराब बेच रही थी। मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

4. ASI जसवंत सिंह ने जशन (पुत्र सुखविंदर सिंह, निवासी भदौड़) को 84 बोतल, चंडीगढ़ मार्क की व्हिस्की के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी इस अवैध शराब को बेचने की फिराक में था। लुधियाना (देहाती) पुलिस ने तस्करी में पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित पुलिस थानों में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/4/जुलाई। सदर जगरांव पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने पीड़िता की मां के बयानों के आधार पर यह कार्रवाई की है।

**क्या है पूरा मामला?...**प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि घटना 22 जून की है। दोपहर करीब एक बजे जब वह और उनके पति घर लौटे, तो उन्होंने पाया कि उनकी बेटी घर पर नहीं थी। उन्होंने आसपास के लोगों और रिश्तेदारों से काफी पूछताछ की, लेकिन उन्हें कोई सुराग नहीं मिला। पीड़िता की मां का आरोप है कि जगरांव के रहने वाले अरशप्रीत सिंह उर्फ मंदी ने उनकी बेटी को शादी का झांसा दिया। आरोप है कि अरशप्रीत सिंह ने अपनी माता कमलजीत कौर के साथ मिलकर साजिश रची और पीड़िता को उसकी मर्जी के खिलाफ बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों का कहना है कि वे लगातार अपनी बेटी की तलाश कर रहे थे, लेकिन अब तक उसका कोई पता नहीं चल पाया है।

## रूह से रूबरू



चारु नागपाल

### अफवाहों की अंधी दौड़ में दौड़ता मानव

आज के समय में कोई भी अफवाह कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुँच जाती है। बिना उसकी सच्चाई जाने, लोग उसे सच मानकर आगे बढ़ाने लगते हैं। धीरे-धीरे पूरी दुनिया आँखें बंद करके उसी का अनुसरण करने लगती है। यह प्रवृत्ति समाज के लिए बहुत हानिकारक है। इतिहास और वर्तमान में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जहाँ झूठी खबरों और अफवाहों ने लोगों के बीच भ्रम, डर और आपसी मतभेद पैदा किए। कई बार केवल सुनी-सुनाई बातों पर विश्वास करके लोग गलत निर्णय ले लेते हैं, जिससे निर्दोष लोगों को नुकसान उठाना पड़ता है। आज सोशल मीडिया ने इस समस्या को और भी बढ़ा दिया है, क्योंकि बिना जाँच-पड़ताल के कोई भी संदेश तेजी से फैल जाता है। हमें यह समझना चाहिए कि हर सुनी हुई बात सत्य नहीं होती। किसी भी जानकारी पर विश्वास करने से पहले उसके स्रोत की जाँच करना आवश्यक है। विवेक, तर्क और सही जानकारी ही हमें गलत रास्ते पर जाने से बचा सकते हैं। अंधी दौड़ में शामिल होकर किसी को कोई वास्तविक लाभ नहीं मिलता। इसके विपरीत, इससे समाज में अविश्वास और भ्रम फैलता है। इसलिए हमें अफवाहों का हिस्सा बनने के बजाय सच का साथ देना चाहिए और दूसरों को भी सोच-समझकर निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

# जगन्नाथ रथयात्रा का सुअवसर युगों से है भक्तों के लिए मंगलकारी : संजय गुप्ता नाइस

## 16 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय व विशाल स्तर पर आयोजित होगी भगवान जगन्नाथ रथयात्रा











लुधियाना/यूटर्न/04 जुलाई। इस्कॉन तथा भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव कमेटी के संयोजकत्व में 16 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय व विशाल स्तर पर भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन श्री दुर्गा माता मंदिर जगराओं पुल से सांय 4 बजे होगा। रथयात्रा में शामिल होने के लिए महानगर के गणमान्यों के साथ बैठकों एवं निमंत्रणों का दौर जोरों से चल रहा है। इसी श्रृंखला में कमेटी के महासचिव संजीव सूद बांका तथा संजीव गुप्ता स्टॉक एक्सचेंज ने नाइस एक्सपोर्ट के संजय गुप्ता, अनिल गुप्ता, भगत राम एंड संस के परिणय सूद आदि को निमंत्रण दिया। निमंत्रण पत्र स्वीकार करते हुए संजय गुप्ता नाइस तथा अनिल गुप्ता ने कहा कि उनका परम सौभाग्य है कि उन्हें भगवान जगन्नाथ जी की यात्रा में शामिल होकर उनके दर्शनों का सुअवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ जी अनत दयालु व कृपालु है। जगन्नाथ रथयात्रा युगों से प्रत्येक जीव के लिए मंगलकारी रही है। क्योंकि इसमें भगवान श्री हरि के सबसे दयालु स्वरूप भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलदेव व बहन सुभद्रा के साथ कृपा करने के लिए रथ पर विराजमान होते हैं और भक्त व भगवान के मिलन में कोई भेद नहीं रहता। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव कमेटी के चेयरमैन राजेश ढांडा तथा प्रधान सतीश गुप्ता ने कहा कि इस रथयात्रा को निकालने का एक ही उद्देश्य है कि लोगों का जीवन हरिनाम संकीर्तन से जुड़े।

### श्रील प्रभुपाद ने हमें रथयात्राओं के माध्यम से भगवान जगन्नाथ जी की भक्ति से जोड़ा : विपन सूद काका

कमेटी के उप प्रधान विपन सूद काका तथा महासचिव संजीव सूद बांका ने कहा कि 16 जुलाई के ऐतिहासिक दिन रथयात्रा के पावन अवसर पर इस्कॉन के सैकड़ों वैष्णव श्रील प्रभुपाद जी के लिखित अनेकों ग्रंथ श्रद्धालुओं में निशुल्क बंटेंगे, जिस भी जीव को यह ग्रंथ मिलेंगे, उन ग्रंथों के प्रभाव से उनका जीवन बदलेगा। उन्होने कहा कि श्रील प्रभुपाद ने हमें रथयात्राओं के माध्यम से भगवान जगन्नाथ जी की भक्ति से जोड़ा है।

### भगवान जगन्नाथ रथयात्रा सनातन संस्कृति, भाईचारे और मानवता का संदेश देती है : परिणय सूद

भगत राम एंड संस के परिणय सूद ने कहा कि भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा सनातन संस्कृति, भाईचारे और मानवता का संदेश देती है। जब भगवान स्वयं अपने भक्तों के बीच रथ पर विराजमान होकर आते हैं तो वह क्षण अत्यंत पुण्यदायी होता है। उन्होंने कहा कि रथयात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल होकर भगवान जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे और पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में सराबोर होगा।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**क्या पति या पत्नी अपना सामान (Personal Belongings) वापस मांग सकते हैं?**

वैवाहिक विवाद के दौरान या अलग रहने की स्थिति में अक्सर एक प्रश्न सामने आता है कि क्या पति या पत्नी अपने व्यक्तिगत सामान को वापस मांग सकते हैं।

उत्तर है—हाँ।

कपड़े, व्यक्तिगत दस्तावेज, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, लैपटॉप, मोबाइल, व्यक्तिगत आभूषण, बैंक दस्तावेज, पासपोर्ट और अन्य निजी वस्तुएं, जिनका स्वामित्व किसी एक व्यक्ति का है, उन्हें वापस मांगने का कानूनी अधिकार होता है। यदि पति या पत्नी का व्यक्तिगत सामान दूसरे पक्ष के पास है और उसे जानबूझकर वापस नहीं किया जा रहा, तो संबंधित व्यक्ति कानून का सहारा ले सकता है।

इसी प्रकार, महिला अपने Stridhan की वापसी का भी दावा कर सकती है। वहीं, यदि पति की व्यक्तिगत वस्तुएं ससुराल पक्ष के पास हैं, तो वह भी उनकी वापसी के लिए कानूनी उपाय अपना सकता है। यदि आपसी सहमति से सामान का आदान-प्रदान नहीं हो पाता, तो अदालत उचित आदेश पारित कर सकती है या पक्षकारों की सूची (inventory) के अनुसार सामान लौटाने के निर्देश दे सकती है।

कई बार लोग गुस्से या दबाव बनाने के लिए दूसरे पक्ष का सामान अपने पास रख लेते हैं, जिससे विवाद और अधिक बढ़ जाता है।

निष्कर्ष: वैवाहिक विवाद का अर्थ यह नहीं है कि किसी व्यक्ति का अपने निजी सामान पर अधिकार समाप्त हो जाता है। पति और पत्नी दोनों को अपनी व्यक्तिगत वस्तुएं वापस पाने का कानूनी अधिकार है।

# जर्मनी में छाया भारत! EUROBIKE 2026 में लॉन्च हुई सबसे हल्की Kids Cycle




लुधियाना/फ्रैंकफर्ट/यूटर्न/04 जुलाई। जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में आयोजित EUROBIKE 2026 में फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गेनाइजेशन्स (FICO) के अध्यक्ष गुरमीत सिंह कुलार ने नवयुग नामधारी एंटरप्राइजेज (NNE) की भारत की पहली प्रीमियम अल्ट्रा-लाइटवेट बच्चों की साइकिल रेंज का औपचारिक शुभारंभ किया।

इस अवसर पर कुलार ने कंपनी के हरमनजीत सिंह को बधाई देते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी साइकिल प्रदर्शनियों में भारतीय कंपनी की इस उपलब्धि ने देश के साइकिल उद्योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि यह लॉन्च भारतीय टरटए सेक्टर की बढ़ती तकनीकी क्षमता और मैन्युफैक्चरिंग उत्कृष्टता का प्रमाण है तथा 'मेक इन इंडिया' अभियान को भी मजबूती देगा।

नई साइकिल रेंज विशेष रूप से यूरोपीय बाजार के लिए तैयार की गई है। इसमें 12 से 16 इंच तक की साइकिलें शामिल हैं, जिनका वजन केवल 4.6 से 5.5 किलोग्राम है। उच्च गुणवत्ता वाले 6061 एल्युमिनियम अलॉय से बनी ये साइकिलें दुनिया की सबसे हल्की बच्चों की साइकिलों में शामिल हैं और कइड 8098:2023 अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों का पालन करती हैं।

कुलार ने कहा कि यूरोप में साइकिलिंग का बड़ा बाजार है और भारतीय उत्पादों के लिए यहां अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि EUROBIKE 2026 में इस नई रेंज को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से शानदार प्रतिक्रिया मिलेगी।

FICO ने नवयुग नामधारी एंटरप्राइजेज को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए इसे भारतीय साइकिल उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

# नोबल फाउंडेशन संस्था एवं डीएमसी दयानंद मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, लुधियाना के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल नि:शुल्क मेडिकल कैंप का किया आयोजन

लुधियाना/यूटर्न/04 जुलाई। नोबल फाउंडेशन वर्तमान में 30 शाखाओं का संचालन कर हजारों जरूरतमंद विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान कर रहा है। आज 3 जुलाई 2026 दिन शुक्रवार का यह मेडिकल कैंप संस्था की ताजपुर रोड, गुरु अर्जुन देव नगर स्थित शाखा में सुबह 9:00 बजे से आयोजित किया गया।

कैंप में बच्चों, महिलाओं एवं अन्य लोगों के लिए डॉ दिव्यांशी (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ नवी गर्ग (मेडिसिन विशेषज्ञ) एवं डॉ बलजिंदर (स्त्री रोग विशेषज्ञ) द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही स्टाफ मेंबर्स डिंपल, रचना,मुस्कानप्रीत सोहित, गंधर्व सिंह द्वारा शुगर, बीपी, ईसीजी की नि:शुल्क जांच कर कुल 357 मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री सुकेश जैन, आईआरएस, चीफ कमिश्नर इनकम टैक्स, लुधियाना, विशेष अतिथि सरदार तरसेम सिंह पिंडर (अध्यक्ष इंप्रूवमेंट ट्रस्ट), कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजीव कौशल, बी.कॉम, एफ.सी.ए., प्रेसिडेंट, डिस्ट्रिक्ट टैक्सेशन बार एसोसिएशन (डायरेक्ट टैक्सेशन), लुधियाना जी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।





विशिष्ट अतिथि श्री श्याम गुप्ता जी (श्याम शाल्ट), श्री जीवन शर्मा जी (योगी इंटरनेशनल), श्री सुनील सूद जी (प्रेसिडेंट सनातन बाल कल्याण संस्थान, केडीएस ट्रेडर्स लुधियाना), श्री संदीप जिंदल जी एवं श्री विक्रम व्यास जी (कॉटइलिडान, मैम्बर नोबल फाउंडेशन), राजेंद्र सिंह, निखिल उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संस्था के विद्यार्थियों अनुष्का कुमारी, रीतिका एवं मोनिका ने प्रभावशाली भाषण दिए। उन्होंने नोबल फाउंडेशन के कार्यों, मेडिकल कैंप के महत्व तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर अपने विचार व्यक्त किए।

मुख्य अतिथि श्री सुकेश जैन जी ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वह इस कार्यक्रम में आकर अत्यंत प्रसन्न हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पढ़ाई कर एक अच्छा इंसान बनने एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

श्री राजीव कौशल जी ने बच्चों से मोबाइल से दूरी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मेहनत और ईमानदारी दो ऐसे स्तंभ हैं जिनसे आप शिखर की ऊंचाइयों को छू सकते हैं। उन्होंने कहा कि नोबल फाउंडेशन एक यज्ञ चला रहा है जिसमें सभी अपनी-अपनी आहुति डाल रहे हैं। आप बहुत भाग्यशाली हैं जिन्हें यहां पर विद्या प्राप्त करने का अवसर मिला है।

सरदार तरसेम सिंह पिंडर जी ने कहा कि मैं पहले भी कई बार नोबल फाउंडेशन संस्था के कार्यक्रम में आता रहता हूं और नोबल फाउंडेशन संस्था द्वारा किए जाने वाले कार्यों से बहुत प्रभावित हुआ हूं नोबल फाउंडेशन द्वारा किए जाने वाला कार्यों में कई ऐसे प्रोजेक्ट हैं जो मैंने और किसी भी स्कूल में आज से पहले नहीं सुने हैं उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मेडिकल कैंप को दिशा और अनुशासन में चलाने के लिए ताजपुर ब्रांच और दौलत कॉलोनी ब्रांच की सभी अध्यापिकाओं ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।

मंच का सफल संचालन श्रीमती मीनाक्षी जैन (स्टाइलिश बाथ) द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में नोबल फाउंडेशन संस्था के फाउंडर श्री राजेंद्र शर्मा जी ने पधारे हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# पंजाब कांग्रेस में नई नियुक्तियों पर कार्यकर्ताओं में उत्साह

## राजा वड़िंग और प्रताप सिंह बाजवा को दोबारा जिम्मेदारी मिलने पर जताई खुशी

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/4/जुलाई। पंजाब कांग्रेस में शीर्ष स्तर पर हुए संगठनात्मक बदलावों और नई नियुक्तियों को लेकर राज्यभर के कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इसी क्रम में, हल्का जगरांव के कांग्रेस कार्यकताओं ने पार्टी हाईकमान के फैसलों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है।

कांग्रेस कार्यकताओं ने अमरेंद्र सिंह राजा वड़िंग को दूसरी बार पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और प्रताप सिंह बाजवा को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद पर दोबारा नियुक्त किए जाने के निर्णय का गर्मजोशी से स्वागत किया है। कार्यकताओं का मानना है कि इन फैसलों से पार्टी को मजबूती मिलेगी।



**राजेश इंदर सिंह सिद्धू ने जताया हाईकमान का आभार:** इस अवसर पर एससी विभाग (पंजाब) के उपाध्यक्ष राजेश इंदर सिंह सिद्धू के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस कार्यकताओं ने एक बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए सिद्धू ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी हमेशा ही अपने हर कार्यकर्ता को उचित सम्मान देती है। हाईकमान ने जिन नई नियुक्तियों की घोषणा की है, उनमें हर वर्ग को बिना किसी भेदभाव के प्रतिनिधित्व दिया गया है।' उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता आज चट्टान की तरह पार्टी के साथ खड़ा है। इन फैसलों के बाद कार्यकताओं का मनोबल बढ़ा है और आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी पंजाब में पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी।

**ये रहे मौजूद:** इस कार्यक्रम में सनी कक्कड़, बॉबी कपूर, लाली अलीगढ़, सतिंदर ततला, परमजीत लद्धड़, रमिंदरजीत सिंह, पंकज कौड़ा, तहिल सिंह गिल, जगजीत सिंह, परवीन कोहली, गुरदित्त सिंह, अमरनाथ कल्याण, सुंदर रामगढ़, हरिंदर पाल, लाल चंद शर्मा, मनिंदर सिंह और बिट्टू जैसुख सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

# श्री राम ग्लोबल स्कूल, साउथ सिटी में पहली बार धूमधाम से मनाया गया फादर्स डे, 200 से अधिक पिता हुए शामिल





लुधियाना/यूटर्न/04 जुलाई। बच्चों के जीवन में पिता की अहम भूमिका को सम्मान देने के उद्देश्य से श्री राम ग्लोबल स्कूल, साउथ सिटी ने पहली बार फादर्स डे का भव्य आयोजन किया। ₹त्रौं डल्ल ॐरि₹ थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 200 पिता और अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फिटनेस एंथुज़ियास्ट विशाल कुमार, समाजसेवी मनीत दिवान, चीफ फिजिशियन, डायबेटोलॉजिस्ट एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट डॉ. गौरव सचदेवा,न्यू यंग फाइव स्टार क्लब राजेश जैन बॉबी तथा पूर्व एनसीसी (IAF) फ्लाइट कमांडर एवं इंटरनेशनल वेलनेस एंड लाइफस्टाइल कोच चरणजीत सिंह सेहंबी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने स्कूल की इस अनूठी पहल की सराहना की।



कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल प्रबंधन द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने अपने पिता को समर्पित भावपूर्ण संगीत प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। पूरे कार्यक्रम का उद्देश्य पिता और बच्चों के बीच रिश्ते को और मजबूत बनाना था। इस दौरान ट्रेजर हंट, कोआला रेस, हुला हूप मैनिया और पॉप फ्रेंजी जैसी कई मनोरंजक एवं सहभागितापूर्ण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ।स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका शर्मा ने कहा कि अक्सर कार्य व्यस्तताओं के कारण पिता स्कूल की गतिविधियों में शामिल नहीं हो पाते। इसलिए इस कार्यक्रम का आयोजन सुबह के समय किया गया, ताकि वे अपने कार्यस्थल जाने से पहले बच्चों के साथ यादगार पल बिता सकें। उन्होंने कहा कि आज पिता और बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखकर यह पहल पूरी तरह सफल साबित हुई ।कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण ₹मेमोरी वॉल₹ रहा, जहां पिता और बच्चों ने कार्यक्रम के दौरान खिंचवाई गई इंस्टेंट तस्वीरों के साथ विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए भावनात्मक संदेश भी लगाए। अंत में सभी के लिए विशेष नाश्ते का आयोजन किया गया, जहां अभिभावकों ने आपस में बातचीत कर अपने पालन-पोषण के अनुभव भी साझा किए ।यह आयोजन श्री राम ग्लोबल स्कूल, साउथ सिटी के लिए एक यादगार उपलब्धि साबित हुआ। स्कूल प्रबंधन ने इसे आने वाले वर्षों में भी परंपरा के रूप में जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 11 शरारती तत्वों ने नहर के गेट के नट तोड़े, विभाग ने...

## ड्यूटी के प्रति ईमानदारी की मिसाल बने ट्रैफिक हवलदार गुरसेवक सिंह



लुधियाना/यूटर्न/04 जुलाई। पंजाब पुलिस के ट्रैफिक हवलदार गुरसेवक सिंह अपनी ईमानदार कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठा के कारण लोगों के बीच सराहना का विषय बने हुए हैं। शहर के औद्योगिक क्षेत्र स्थित मित्तल धर्म कांटा चौक पर उनकी तैनाती है, जहां सुबह और शाम भारी वाहनों की आवाजाही के कारण अक्सर लंबा जाम लग जाता है। कड़ी धूप, उमस या बारिश जैसी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद गुरसेवक सिंह लगातार सड़क पर डटे रहकर यातायात को सुचारु बनाए रखते हैं। फ्लाईओवर के नीचे खड़े होकर वे वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करते हैं, जिससे लोगों को जाम की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। उनकी सक्रियता के चलते व्यस्त चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था काफी हद तक सुचारु बनी रहती है।

स्थानीय लोगों, वाहन चालकों और राहगीरों का कहना है कि गुरसेवक सिंह बिना किसी शिकायत के पूरी लगन और ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। उनका व्यवहार भी लोगों के प्रति सहयोगपूर्ण रहता है, जिससे आम नागरिकों में पुलिस की सकारात्मक छवि मजबूत हुई है। इलाके के लोगों का मानना है कि ऐसे कर्मठ और समर्पित पुलिसकर्मी विभाग के लिए प्रेरणा हैं। गुरसेवक सिंह की कार्यशैली की इन दिनों शहर में खूब चर्चा हो रही है और लोग उनके समर्पण की खुले दिल से प्रशंसा कर रहे हैं।

## तीन दिवसीय कार्यक्रम में शिक्षकों ने सीखे डिजिटल लर्निंग के तरीके



लुधियाना/यूटर्न/04 जुलाई। डीएवी पब्लिक स्कूल, पाखोवाल रोड में तीन दिवसीय क्षमता निर्माण (कैपेसिटी बिल्डिंग) कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। यह कार्यक्रम डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी, नई दिल्ली के अध्यक्ष आर्य रत्न पद्मश्री डॉ. पुनम सूरी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इसमें पंजाब जोन-एच के लगभग 110 शिक्षकों ने भाग लिया, जो राजनीति विज्ञान, गणित, पंजाबी और हिंदी विषयों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक, नवाचारी और दक्षता-आधारित शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना था। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सतवंत कौर भुल्लर ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को केवल विषय विशेषज्ञ ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के मार्गदर्शक और प्रेरक बनने के लिए भी तैयार करते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न डीएवी संस्थानों के अनुभवी संसाधन व्यक्तियों ने सहभागियों को सक्रिय शिक्षण, रचनात्मक सोच, डिजिटल शिक्षा, अनुभवात्मक अधिगम, कला-एकीकृत शिक्षण, कहानी-कथन, गेमीफिकेशन और आईसीटी के प्रभावी उपयोग पर प्रशिक्षण दिया।

# बाड़ेवाल रोड पर रिहायशी नक्शा पास करवा बनाने लगे पीजी, ग्लाडा ने जारी किया नोटिस

लुधियाना/यूटर्न/4 जुलाई। गांव बाड़ेवाल की बाड़ेवाल लिंक रोड पर रिहायशी इलाके में कमर्शियल इमारत का निर्माण किया जा रहा है। चर्चा है कि उक्त बिल्डिंग मालिक द्वारा बिल्डिंग का रिहायशी नक्शा अप्लाई किया हुआ है, जबकि बनाया पीजी जा रहा है।

जिसका इलाका निवासियों द्वारा कड़ा विरोध शुरू कर दिया गया है। जिसके चलते ग्लाडा हरकत में आ गया है। ग्लाडा की ओर से बिल्डिंग मालिक को नोटिस जारी कर दिया गया है। जिसमें इललीगल तरीके से इमारत निर्माण करने के आरोप लगाए गए हैं। वहीं बिल्डिंग मालिक को कमर्शियल इमारत बनाने की परमीशनें व अन्य



दस्तावेज पेश करने के आदेश दिए गए हैं। मालिक द्वारा सात दिन के अंदर अंदर ग्लाडा ऑफिस में दस्तावेजों समेत पेश होना पड़ेगा।

### सील हो सकती है इमारत

ग्लाडा की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक बिल्डिंग मालिक अगर तय समय में किए जा रहे निर्माण का नक्शा व अपने सबूत नहीं पेश कर पाया तो बिल्डिंग को सील कर दिया जाएगा। यह चेतावनी नोटिस में साफ अक्षरों में लिखी हुई है। अब देखना होगा कि मालिक दस्तावेज पेश कर पाता है तो बिल्डिंग सील होगी। वैसे भी मौके पर किए जा रहे निर्माण मुताबिक अगर नक्शा न मिला तो बिल्डिंग को सील कर दिया जाएगा।

### पीजी बनने से खत्म होगी प्राइवेसी

वहीं इलाका निवासियों का कहना है कि यह रेजिडेंशियल एरिया है। ऐसे में इस एरिया के अंदर कमर्शियल एक्टिविटी हो ही नहीं सकती। लेकिन यहां ग्लाडा को घर बताकर पीजी बनाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि अगर इलाके में पीजी बनता है तो उन्हीं प्राइवेसी खत्म हो जाएगी। पूरे इलाके का माहौल खराब हो जाएगा और बाहरी लोग आने पर वारदातें बढ़ने का भी खतरा है।

## पंजाब के भविष्य के लिए अकाली दल को मजबूत करना जरूरी: भिंडा

राकेश गर्ग

लुधियाना/यूटर्न/04 जुलाई। शिरोमणि अकाली दल शहरी के प्रधान भूपिंदर सिंह भिंडा ने सर्कल इंचार्जों के साथ बैठक की। इस दौरान सभी 34 सर्कल इंचार्जों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए और जल्द वार्ड प्रधान नियुक्त करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पंथ और पंजाब के मौजूदा मुद्दों पर भी चर्चा की गई। भूपिंदर सिंह भिंडा, रणजीत सिंह ढिल्लों, जसपाल सिंह ग्यासपुरा, परउपकार सिंह घुम्मन और जगबीर सिंह सोखी ने कहा कि पंजाब के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए क्षेत्रीय



पार्टी को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल हमेशा पंजाब के मुद्दों के लिए आगे खड़ा रहा है। नेताओं ने मौजूदा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि लोग फिर से अकाली दल के कार्यों और लोक भलाई योजनाओं को याद कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकताओं से पार्टी को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपील की।

# बरसात से पहले लालड़ू की व्यवस्थाओं की समीक्षा, सफाई और जल निकासी पर रहेगा विशेष फोकस

लालड़ू/यूटर्न/04 जुलाई। मानसून के दौरान संभावित जलभराव और नागरिक समस्याओं से निपटने की तैयारियों को लेकर शनिवार को नगर काउंसिल लालड़ू में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने नगर काउंसिल अधिकारियों, एमसी सदस्यों और वार्ड प्रभारियों के साथ शहर की मौजूदा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान बरसाती मौसम को देखते हुए नालियों और गंदे नालों की नियमित सफाई, जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने, सीवरेज प्रणाली के रखरखाव, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइटों की कार्यशीलता और अन्य मूलभूत नागरिक सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें ताकि बरसात के दौरान लोगों को किसी



प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। रंधावा ने कहा कि विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जाए और जनता से मिलने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित और सुविधायुक्त बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास और जनकल्याण को प्राथमिकता दे रही है। लालड़ू में चल रहे विकास कार्यों को गति देने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं और भविष्य में भी धन की कमी नहीं आने दी जाएगी।

# एसआईआर फॉर्म में गांव का नाम गायब, हिम्मतगढ़-ढकोला के ग्रामीणों में रोष

## फॉर्म में वेलिंगटन सिटी दर्ज होने पर एसडीएम को शिकायत, बोले ग्रामीण-दस्तावेजों में बढ़ सकती है परेशानी





*'एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में हर प्रकार की गलतियों का सुधार किया जा रहा है। पता हो या नाम की स्पेलिंग, संशोधन के लिए निर्धारित फॉर्म जमा करें। नियमानुसार सुधार कर दिया जाएगा।'*
*—अमित गुप्ता, एसडीएम, डेराबस्सी*

जीरकपुर/यूटर्न/04 जुलाई। भारत सरकार के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान जीरकपुर के गांव हिम्मतगढ़-ढकोला में पते की गलती को लेकर ग्रामीणों में रोष फैल गया। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें मिले एसआईआर फॉर्म में उनके गांव हिम्मतगढ़-ढकोला की जगह वेलिंगटन सिटी दर्ज कर दिया गया है, जबकि उनके आधार कार्ड, वोटर आईडी और अन्य सरकारी दस्तावेजों में गांव का सही नाम दर्ज है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव के करीब 90 प्रतिशत लोगों के फॉर्म में इसी तरह की त्रुटि सामने आई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने एसडीएम डेराबस्सी को शिकायत देकर जल्द सुधार की मांग की है। पूर्व सरपंच जगदेव सिंह ने कहा कि हिम्मतगढ़-ढकोला उनका पुश्तैनी गांव है। यदि सरकारी रिकॉर्ड में पता गलत दर्ज रहा तो भविष्य में दस्तावेज बनवाने, जमीन संबंधी कार्यों और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

ग्रामीणों ने कहा कि इलाके में वेलिंगटन सिटी नाम का कोई अस्तित्व नहीं है। इसलिए एसआईआर फॉर्म में दर्ज गलत पते को तुरंत संशोधित कर वास्तविक पता हिम्मतगढ़-ढकोला दर्ज किया जाए। विरोध के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों और महिलाओं ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की।

# मानसून से पहले ढकोली का बरसाती नाला कचरे से अटा, जलभराव का खतरा

## झाड़ियों और पॉलीथीन से रुका पानी का बहाव, लोगों ने घरों के बाहर बनाए बचाव बैरियर



*सोमवार को मौके का जायजा लेने के बाद नाले की सफाई करवा दी जाएगी।*
*—सवनीत सिंह, जेई, नगर परिषद जीरकपुर*

जीरकपुर/यूटर्न/04 जुलाई। मानसून से पहले जलभराव रोकने और नालों की सफाई को लेकर नगर परिषद की तैयारियों पर सवाल उठने लगे हैं। ढकोली स्थित मुख्य बरसाती नाला इस समय जंगली झाड़ियों, पेड़ों, पॉलीथीन और कचरे से भरा पड़ा है। इससे बरसाती पानी की निकासी प्रभावित होने की आशंका है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद पॉलीथीन पर रोक और सफाई अभियान के दावे तो करती है, लेकिन मुख्य बरसाती नाले की हालत खुद इन दावों की पोल खोल रही है। यदि समय रहते सफाई नहीं हुई तो पहली तेज बारिश में ढकोली के कई इलाकों में जलभराव की गंभीर स्थिति बन सकती है। जानकारी के अनुसार यह नाला ममता एन्क्लेव से होकर आर्मी क्षेत्र के नीचे से गुजरता है और डिफेंस एन्क्लेव व कृष्णा एन्क्लेव से होते हुए सुखना चो में मिलता है। आगे इसका पानी घग्गर नदी में जाता है। फिलहाल नाले में उगी घनी झाड़ियां और जमा कचरा पानी के प्राकृतिक बहाव में बाधा बन रहे हैं। डिफेंस एन्क्लेव के निवासियों ने बताया कि पिछले वर्ष मानसून के दौरान बरसाती पानी घरों में घुस गया था, जिससे काफी नुकसान हुआ था। इसी डर से इस बार कई लोगों ने अपने घरों के बाहर लकड़ी के बैरियर और छोटी दीवारें बनाकर बचाव के इंतजाम पहले ही कर लिए हैं।

लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि मानसून की तेज बारिश से पहले नाले की व्यापक सफाई करवाई जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को फिर जलभराव और नुकसान का सामना न करना पड़े।

# सिंहपुरा रोड पर 2400 नशीली गोलियों समेत हिमाचल का युवक गिरफ्तार

**पुलिस को देखकर भागने लगा आरोपी, बैग से प्रॉक्सीको स्पास की गोलियां बरामद; सप्लाई नेटवर्क की जांच शुरू**

जीरकपुर/यूटर्न/04 जुलाई। नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जीरकपुर पुलिस ने सिंहपुरा रोड पर गश्त के दौरान एक युवक को 2400 नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हिमाचल प्रदेश के जिला हमीरपुर स्थित गांव चोआ पचराला निवासी संजय कुमार (39) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 22, 61 और 85 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 3 जुलाई को एएसआई हरविंदर सिंह अपनी टीम के साथ सिंहपुरा रोड पर नियमित गश्त कर रहे थे। दोपहर करीब 1:20 बजे सेना के रंग की टी-शर्ट और लोअर पहने एक युवक पीठ पर बैग लेकर आता दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर वह घबरा गया और मौके से भागने का प्रयास करने लगा। शक होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के बैग से हल्के गुलाबी रंग के लिफाफे में रखी प्रॉक्सीको स्पास ब्रांड की 2400 नशीली गोलियां बरामद हुईं। पूछताछ के दौरान आरोपी इन दवाइयों को रखने या परिवहन करने संबंधी कोई वैध लाइसेंस अथवा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने सभी गोलियां कब्जे में लेकर नियमानुसार सील कर दीं और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# गोल्डन टेंपल में भगवंत मान की फोटो वाले आईकार्ड उतरवाए, विरोध करने वाले बोले-सीएम गुरू दोखी करार



अमृतसर/यूटर्न/4 जुलाई। अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल में शनिवार को नया विवाद हो गया। यहां मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत पंजाब के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माथा टेकने पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री भगवंत मान की तस्वीर वाले पहचान पत्र पहनकर पहुंचे श्रद्धालुओं के गले से ये पहचान पत्र उतरवाए गए। गोल्डन टेंपल में मौजूद सेवादारों ने इन पहचान पत्रों पर कड़ी आपत्ति जताई। उनका कहना था कि श्री अकाल तख्त साहिब की ओर से सीएम भगवंत मान को पंथ दोखी घोषित किया जा चुका है, इसलिए उनकी तस्वीर वाले पहचान पत्र पहनकर गुरु घर में प्रवेश नहीं किया जाना चाहिए। इसके बाद सेवादारों ने श्रद्धालुओं के गले से पहचान पत्र उतरवा दिए। वहीं, तीर्थ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने कहा कि ये पहचान पत्र उन्हें सरकारी व्यवस्था के तहत दिए गए थे। उनका कहना था कि उनका उद्देश्य केवल श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेकना और दर्शन करना था।

# अमित बावा सैनी बने 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर



जीरकपुर/यूटर्न/04 जुलाई। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग ने डेराबस्सी हलके के कांग्रेस नेता अमित बावा सैनी को 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर नियुक्त किया है। इस संबंध में ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन डा. अनिल जय हिंद की ओर से पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र के अनुसार अमित बावा सैनी और विकास यादव को देश के 28 राज्यों में चल रहे इस कार्यक्रम की निगरानी और आपसी तालमेल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी की ओर से उन्हें कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने और युवाओं व विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दों को संगठन स्तर पर मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है।

नियुक्ति के बाद अमित बावा सैनी ने डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनका निजी नहीं, बल्कि पूरी टीम की मेहनत का परिणाम है। सैनी ने कहा कि 24 जून को डेराबस्सी में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम की सफलता के बाद पार्टी हाईकमान ने उन्हें यह अहम जिम्मेदारी दी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाएंगे तथा देशभर में कार्यक्रम को प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करेंगे।

# मलोया में चिट्टा तस्करों पर पुलिस का शिकंजा, 9.78 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

## दो दिन के रिमांड में सप्लाई नेटवर्क खंगालती रही पुलिस, एसएचओ बलदेव कुमार के कार्यकाल में एनडीपीएस के चार मामले दर्ज

अजीत झा
चंडीगढ़/यूटर्न/04 जुलाई। चंडीगढ़ पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और तेज करते हुए मलोया क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। मलोया थाना पुलिस ने 9.78 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी से दो दिन तक पुलिस रिमांड के दौरान गहन पूछताछ की गई, जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अब उससे मिले इनपुट के आधार पर नशे की सप्लाई चेन और उससे जुड़े अन्य तस्करों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

यह कार्रवाई एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देश, एसपी (सिटी) के.एम. प्रियंका के मार्गदर्शन तथा एसडीपीओ साउथ-वेस्ट धीरज कुमार की निगरानी में मलोया थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बलदेव कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने की।





### गश्त के दौरान दबोचा गया आरोपी

पुलिस के अनुसार एक जुलाई को एएसआई रोहन कुमार अपनी टीम के साथ मलोया क्षेत्र में नियमित गश्त पर थे। इसी दौरान आरसी-1 स्कूल के निकट ग्रीन बेल्ट में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूमता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 9.78 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई। आरोपी के पास मादक पदार्थ रखने का कोई वैध लाइसेंस या अनुमति नहीं थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मलोया ईडब्ल्यूएस निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई। बरामद हेरोइन को जब्त कर मालखाने में जमा कराया गया और आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा-21 के तहत मामला दर्ज किया गया।

### रिमांड में सप्लाई नेटवर्क की पड़ताल

पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन का रिमांड हासिल किया। पूछताछ के दौरान उससे हेरोइन की सप्लाई, नेटवर्क और उससे जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई गई। रिमांड समाप्त होने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर जल्द ही नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### एसएचओ बलदेव कुमार के कार्यकाल में अभी तक एनडीपीएस के चार मामले दर्ज

मलोया थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बलदेव कुमार के कार्यभार संभालने के बाद थाना क्षेत्र में नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई लगातार तेज हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, उनके कार्यकाल में अब तक एनडीपीएस एक्ट के चार मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इससे स्पष्ट है कि थाना पुलिस नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कस रही है और अभियान को और प्रभावी बनाया गया है।

### 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर कार्रवाई जारी

*इंस्पेक्टर बलदेव कुमार ने कहा कि मलोया थाना क्षेत्र में नशा तस्करी और असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई गई है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में प्रतिदिन गश्त की जाती है और संदिग्ध व्यक्तियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा 'नशा बेचने वालों और समाज का माहौल खराब करने वाले तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मलोया थाना क्षेत्र में अभियान लगातार जारी रहेगा और भविष्य में भी इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाएगी।' चंडीगढ़ पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि उन्हें नशा तस्करी या किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस का कहना है कि जनता के सहयोग से ही नशा तस्करी के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सकता है और चंडीगढ़ को नशा मुक्त बनाने के अभियान को और मजबूती मिलेगी।*

# घग्गर किनारे अवैध खनन का आरोप, रात ढलते ही सक्रिय हो रहे जेसीबी और डंपर

## ग्रामीणों ने प्रशासन पर कार्रवाई नहीं करने का लगाया आरोप, राजस्व नुकसान और पर्यावरणीय खतरे की जताई चिंता

डेराबस्सी/यूटर्न/04 जुलाई। डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के गांव ककराली के पास घग्गर नदी में कथित अवैध खनन को लेकर एक बार फिर ग्रामीणों ने प्रशासन और खनन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि दिन के समय सब कुछ सामान्य दिखाई देता है, लेकिन रात होते ही नदी के किनारे जेसीबी मशीनें और डंपर सक्रिय हो जाते हैं तथा बड़े पैमाने पर रेत और खनिज सामग्री निकाली जाती है। उनका कहना है कि इस गतिविधि से सरकार को राजस्व का नुकसान होने के साथ-साथ नदी का प्राकृतिक स्वरूप भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, लगातार हो रहे कथित अवैध खनन से घग्गर नदी का तल कई स्थानों पर गहरा होता जा रहा है। इससे बरसात के मौसम में नदी का बहाव बदलने और आसपास की कृषि भूमि पर कटाव या बाढ़ का खतरा बढ़ने की आशंका है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो भविष्य में फसलों और जमीन को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायतें दी गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि यदि नियमित निगरानी और सख्ती से जांच की जाए तो रात के समय चल रही गतिविधियों पर आसानी से अंकुश लगाया जा सकता है। ग्रामीणों ने राज्य सरकार से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि कहीं भी अवैध खनन पाया जाता है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के साथ-साथ सरकारी राजस्व की रक्षा भी प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस संबंध में खनन विभाग के एसडीओ राजिंदर सिंह से उनका पक्ष जानने के लिए कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी क्योंकि उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। विभाग का पक्ष मिलने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।



# सीपीडीएल ने वार्ड 12 सेक्टर 15 में निम्न गुणवत्ता वाले केबलों को बदलना शुरू कर दिया है : संदीप दहिया

चंडीगढ़/यूटर्न/04 जुलाई। आम आदमी पार्टी के नेता संदीप दहिया ने बताया कि वार्ड 12, सेक्टर 15 के निवासी प्रतिदिन बिजली के वोल्टेज में उतार-चढ़ाव की गंभीर समस्या का सामना कर रहे हैं। यह समस्या मकान नंबर 1188 से 1378 तक बनी हुई है। सभी निवासियों ने इस समस्या को लेकर संयुक्त रूप से शिकायत दर्ज कराई।


संदीप दहिया ने बताया कि शिकायत दिए जाने के बाद उन्होंने सीपीडीएल (CPDL) के संबंधित अधिकारियों से भी बात की। इसके बाद सीपीडीएल ने अपनी टीम को वोल्टेज में उतार-चढ़ाव के कारणों का पता लगाने के लिए भेजा। जांच प्रक्रिया के दौरान टीम ने स्थिति का आकलन किया और संभावित कमियों की पहचान की।

उन्होंने सबसे पहले विद्युत कनेक्शन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जांच शुरू की, जैसे कि अर्थिंग, ट्रांसफॉर्मर से लगातार आउटपुट, तारों का अधिक गर्म होना, यदि कोई फील्ड लॉस हो, कनेक्टरों पर जमी परत (एफ्लोरेसेंस) की सफाई आदि। जांच के दौरान टीम ने भूमिगत केबलों में भी खराबी पाई। संदीप दहिया ने बताया कि सीपीडीएल के एक्सईएन (XEN), एसडीओ (SDO) और जेई (JE) का व्यवहार बेहद सहयोगात्मक और अच्छा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि खराबी को ठीक कर दिया गया है और भविष्य में वोल्टेज में उतार-चढ़ाव की समस्या दोबारा नहीं होगी। उन्होंने यह भी बताया कि केबल और तार काफी पुराने हो चुके हैं, जिसकी वजह से यह समस्या उत्पन्न हुई। जल्द ही मकान नंबर 1188 से 1378 तक की केबलें बदली जाएंगी, ताकि भविष्य में निवासियों को इस तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े। संदीप दहिया ने बताया कि निवासियों ने उन्हें शिकायत की है कि सेक्टर 15डी में वर्ष 1985 से अब तक केबलें नहीं बदली गई हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने सेक्टर 15डी में मकान नंबर 3300 से 3556 तक की कॉलोनी में खराब गुणवत्ता वाली केबलों और वायरिंग का मुद्दा भी उठाया है। इस क्षेत्र के निवासी गर्मी और बारिश के कारण केबलों में स्पार्किंग की समस्या से जूझ रहे हैं और बेहद कठिन परिस्थितियों में जीवन व्यतीत कर रहे हैं।





जब यह समस्या सीपीडीएल की टीम के सामने उठाई गई, तो उन्होंने आश्वासन दिया कि उन्होंने जंक बॉक्स और नई केबलों का ऑर्डर दे दिया है। जल्द ही केबलें बदली जाएंगी और जोड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा के लिए जंक्शन बॉक्स लगाए जाएंगे, ताकि निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



संदीप दहिया ने सीपीडीएल से मांग की कि सेक्टर 15 के निवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती और वोल्टेज में उतार-चढ़ाव के कारण निवासी, कर्मचारी, गृहिणियां, वरिष्ठ नागरिक, मरीज और बच्चे सभी गंभीर रूप से परेशान हो रहे हैं। यदि सीपीडीएल समय पर यह कार्य पूरा कर देता है, तो सभी लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# शरारती तत्वों ने नहर के गेट के नट तोड़े, विभाग ने प्रयास किया नाकाम, गेट टूटता तो कलानौर-डेरा बाबा नानक में आती बाढ़

पंजाब/यूटर्न/4 जुलाई। पठानकोट में गांव डिबकू में नहर के पानी को रोकने के लिए लगाए गेट को तोड़ने की बड़ी साजिश नाकाम को गई। हालांकि, शरारती तत्वों ने गेट के नट-बोल्ट तोड़ दिए थे। हालांकि, समय रहते विभाग को इस साजिश का पता चल गया और गेट को तोड़ने का प्रयास विफल हो गया। अब विभागीय अधिकारी की शिकायत पर थाना सदर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ पंजाब कैनाल एंड ड्रेनेज एक्ट की धारा 52, बीएनएस का धारा 326 (ए) और 324 (3) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई कार्यकारी इंजीनियर, नहर और भूमिगत जल विभाग, गुरदासपुर से प्राप्त एक आधिकारिक पत्र के आधार पर की गई है। आरोपी की पहचान गांव माहीचक्क निवासी आरिफ हुसैन उर्फ कालू गुज्जर को तौर पर हुई है।




## सैंकड़ों गांवों की लाइफलाइन है ये नहर

जांच आधिकारी एएसआई परमजीत शर्मा ने बताया कि जल स्रोत विभाग पंजाब, गुरदासपुर मंडल के पत्र के माध्यम से पुलिस को एक शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत में बताया गया कि गांव डिबकू से शुरू होने वाली गुलपुर एस्केप चैनल (नहर) के जरिए कलानौर, डेरा बाबा नानक और रामदास इलाके के किसानों व जमींदारों को सिंचाई और अन्य उपयोग के लिए नहरी पानी की सप्लाई दी जाती है। यह नहर इस पूरे इलाके के लिए पानी का एकमात्र मुख्य स्रोत है।

## नहर विभाग के फील्ड स्टाफ ने दी थी रिपोर्ट

अधिकारियों को नहर विभाग के फील्ड स्टाफ से रिपोर्ट मिली थी। जिसमें बताया गया था कि गांव डिबकू के पास नहर की बुरजी संख्या 9000 पर जल स्रोत विभाग का एक भारी लोहे का गेट लगा हुआ है। बीती दरमियानी रात को एक युवक ने चोरी या गेट को तोड़ने की नीयत से उसके नट-बोल्टों के साथ छेड़छाड़ की और उन्हें तोड़ दिया। जांच अधिकारी ने बताया कि इसी रिपोर्ट के आधार पर नहरी विभाग के अधिकारियों ने पुलिस को पत्र लिखा।

# कौमी इंसाफ मोर्चा ने बंदियों की रिहाई के लिए रेल ट्रैक पर किया प्रदर्शन

खन्ना/यूटर्न/4 जुलाई। कौमी इंसाफ मोर्चा ने बंदी सिखों की रिहाई की मांग को लेकर शनिवार को फतेहगढ़ साहिब में रेल रोको आंदोलन शुरू कर दिया। इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कई संगठनों के प्रतिनिधि और समर्थक सुबह गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब में एकत्र हुए।

इसके बाद अंबाला-लुधियाना रेलवे ट्रैक जाम कर धरना दिया। 11 से 2 बजे तक धरना मोर्चा धरना देगा। यह मार्च माधोपुर चौक तक गया और रेलवे ट्रैक ब्लॉक कर दिया। इस बीच बारिश शुरू होने के बाद कौमी इंसाफ मोर्चा ने रेलवे ट्रैक पर चल रहा धरना समाप्त कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने करीब 2 घंटे तक रेलवे ट्रैक पर धरना देकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। धरना समाप्त होने के बाद रेल यातायात दोबारा शुरू हो गया।



## आंदोलन के मद्देनजर प्रशासन और पुलिस बल तैनात

इस आंदोलन के मद्देनजर प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है। ट्रैक और आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारी स्थिति पर लगातार निगरानी रख रहे हैं। आंदोलन से रेलवे सेवाओं पर असर पड़ रहा है। फिलहाल बड़ी संख्या में समर्थक रेल ट्रैक पर पहुंच गए हैं। इस दौरान नेताओं ने कहा कि कानूनी सजा पूरी कर चुके बंदी सिखों को अभी भी जेलों की सलाखों के पीछे रखना मानवाधिकारों और न्याय के बुनियादी सिद्धांतों का सीधा उल्लंघन है।इसके साथ ही मोर्चे ने एक और बड़ी मांग रखते हुए कहा कि 'काली सूची' में दर्ज करीब 20 हजार सिखों के नाम तुरंत बाहर किए जाने चाहिए।

# सीएम मान कथित वीडियो मामले में एसजीपीसी का एक्शन, सिख संगठनों की मीटिंग रखी, तय करेंगे रणनीति

पंजाब/यूटर्न/4 जुलाई। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की कथित विवादित वीडियो को लेकर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) सख्त हो गई है। इसको लेकर रविवार, 5 जुलाई को गोल्डन टेंपल परिसर स्थित मंजी साहिब में एक विशाल पंथक एकत्र आयोजित करने का ऐलान किया है। एसजीपीसी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मनन ने मीडिया को बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू होगा। संगत से अपील की गई है कि वे सुबह 10:30 बजे तक मंजी साहिब पहुंच जाएं। एसजीपीसी के अनुसार, इस पंथक एकत्र में विभिन्न धार्मिक और पंथक संगठनों की भागीदारी रहेगी। इनमें टकसालें, निहंग सिंह जत्थेबंदियां, कार सेवा



संस्थाएं, निर्मला संप्रदाय, सिंह सभाएं और अन्य सिख संगठन शामिल होंगे। कुलवंत सिंह मनन ने कहा कि हाल ही में सामने आई मुख्यमंत्री भगवंत मान की विवादित वीडियो को लेकर सिख समाज में गहरा रोष है। इसी विषय पर विचार-विमर्श करने और आगे की रणनीति तय करने के उद्देश्य से यह पंथक एकत्र बुलाया गया है।

## जापान की नई सोलर तकनीक : अखबार की तरह छपेंगे सोलर पैनल, बिजली उत्पादन होगा सस्ता

नई दिल्ली/यूटर्न/04 जुलाई। जापान सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक नई तकनीक पर तेजी से काम कर रहा है, जिसके तहत बेहद पतले और लचीले सोलर सेल तैयार किए जा रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि इन सोलर सेल्स का निर्माण पारंपरिक भारी सोलर पैनलों की तुलना में कम लागत पर किया जा सकेगा। खास बात यह है कि इन्हें अखबार की तरह रोल-टू-रोल प्रिंटिंग तकनीक से बनाया जा सकता है, जिससे बड़े पैमाने पर उत्पादन आसान और सस्ता होगा। इन अल्ट्रा-थिन सोलर सेल्स को इमारतों की दीवारों, खिड़कियों, वाहनों की छत, फैक्ट्रियों, गोदामों और यहां तक कि घुमावदार सतहों पर भी लगाया जा सकेगा। इससे ऐसी जगहों पर भी सौर ऊर्जा का उपयोग संभव होगा, जहां पारंपरिक सोलर पैनल लगाना कठिन होता है।

## करीना कपूर के ब्लैक ग्लैम लुक ने लूटी लाइमलाइट



करीना कपूर का ब्लैक आउटफिट लुक सोशल मीडिया पर चर्चा में है। ऑफ-शोल्डर ड्रेस, स्टाइलिश नेकपीस और कॉन्फिडेंट अंदाज ने उनके ग्लैमरस लुक को और खास बना दिया। फैंस उनके फैशन सेंस की तारीफ कर रहे हैं और कह रहे हैं कि बेबो का स्टाइल हमेशा ट्रेंड सेट करता है। ब्लैक ड्रेस में उनका यह एलिगेंट लुक पार्टी फैशन के लिए परफेक्ट इंस्पिरेशन बन गया है।

# गणेश विहार में सीवरेज मिला पानी पीने को मजबूर 150 परिवार

## लोगों में बीमारी फैलने का डर, पार्षद बोले–शिकायतों के बावजूद नहीं हुआ समाधान

जीरकपुर/यूटर्न/04 जुलाई। बलटाना के वार्ड नंबर-3 स्थित गणेश विहार में दूषित पेयजल सप्लाई ने करीब 150 परिवारों की परेशानी बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घरों में आने वाले पानी में सीवरेज का गंदा पानी मिल रहा है, जिससे पानी पीने योग्य नहीं रहा। गंदे पानी के कारण क्षेत्र में डायरिया, फूड प्वाइजनिंग और अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोग मजबूरी में पानी को पहले वाटर प्योरिफायर से साफ कर रहे हैं और फिर उबालकर पी रहे हैं। स्थानीय पार्षद देवेंद्र नेगी ने कहा कि गणेश विहार के करीब 150 परिवार इस समस्या से प्रभावित हैं। उन्होंने नगर परिषद से पेयजल और सीवरेज लाइनों की तुरंत जांच करवाकर स्थायी समाधान करने की मांग की।

लोगों का कहना है कि सीवरेज चैंबर के नीचे से पेयजल पाइपलाइन गुजर रही है। चैंबर क्षतिग्रस्त होने के कारण सीवरेज का पानी पेयजल लाइन में मिक्स हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद का कोई अधिकारी अब तक मौके पर निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचा। स्थानीय निवासी प्रमिला, मधु बिष्ट, सरबजीत कौर, सुनीता पाठक, अनुष्का, प्रीति ढिल्लो, बानी, सोनू, चांदनी, नीलू और दीप्ति ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करेंगे।





### टूटे सीवरेज चैंबर से पानी दूषित होने की आशंका

*लोगों के अनुसार सीवरेज चैंबर का ढक्कन और अंदरूनी हिस्सा टूटा हुआ है। इसी के नीचे से गुजर रही पेयजल पाइपलाइन में गंदा पानी मिल रहा है। क्षेत्रवासियों ने तत्काल मरम्मत और स्वच्छ पेयजल सप्लाई की मांग की है।*

> 'मौके पर टीम भेजकर जांच करवाई जाएगी। यदि पेयजल पाइपलाइन टूटी मिली या सीवरेज पानी मिक्स होने की समस्या पाई गई तो उसे प्राथमिकता पर ठीक करवाया जाएगा।'
> —स्वनीत सिंह, जेई, नगर परिषद

# जीएचजी अकादमी, में 'साइंस क्विज' का जलवा, नन्हे वैज्ञानिकों ने दिखाया दम



–चरणजीत सिंह चन्न–

जगरांव/यूटर्न/4/जुलाई। जी.एच.जी. अकादमी, जगरांव में हाल ही में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित 'साइंस क्विज' ने परिसर में विज्ञान के प्रति जबरदस्त उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल बना दिया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक क्षमता और नवाचार (innovation) के प्रति जिज्ञासा जगाना था। प्रतियोगिता के दौरान भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के जटिल विषयों से जुड़े प्रश्नों ने छात्रों की बुद्धिमत्ता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता की कड़ी परीक्षा ली। मंच पर विद्यार्थियों का आत्मविश्वास और उनकी टीम-वर्क देखने लायक थी। कठिन सवालों के सटीक जवाब देकर छात्रों ने न केवल अपने ज्ञान का परिचय दिया, बल्कि विज्ञान के प्रति अपनी गहरी रुचि भी प्रदर्शित की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स. गुरमेल सिंह मल्ही (स्कूल प्रबंधन) और प्रिंसिपल श्रीमती रमनजोत कौर ग्रेवाल ने शिरकत की। उन्होंने छात्रों के प्रदर्शन की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं किताबी ज्ञान से परे जीवन में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में सहायक होती हैं। अंत में, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को पुरस्कृत किया गया। यह क्विज न केवल एक शैक्षणिक गतिविधि रही, बल्कि इसने विद्यार्थियों को विज्ञान की अद्भुत दुनिया को और अधिक गहराई से तलाशने के लिए प्रेरित किया। स्कूल प्रबंधन ने भविष्य में भी छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# कुछ घंटों की बारिश ने खोल दी ट्राइसिटी की तैयारी की पोल, कहीं राहत तो कहीं आफत



जीरकपुर/यूटर्न/04 जुलाई। भीषण गर्मी और उमस से बेहाल लोगों के लिए शनिवार को हुई मानसून की पहली तेज बारिश राहत लेकर आई, लेकिन यही बारिश कुछ ही घंटों में जीरकपुर और डेराबस्सी की व्यवस्थाओं की हकीकत भी सामने ले आई। कई इलाकों में लोगों ने ठंडी हवाओं और बारिश का आनंद लिया, वहीं दूसरी ओर अनेक कॉलोनियों में घरों के भीतर पानी घुस गया, प्रमुख सड़कों पर जलभराव के कारण लंबा जाम लग गया और कई वाहन पानी में फंस गए। कुछ स्थानों पर बच्चे बारिश के पानी में खेलते नजर आए तो कई परिवार जलभराव से परेशान होकर घरों से पानी निकालते दिखाई दिए। शनिवार दोपहर हुई तेज बारिश के बाद शहर के कई निचले इलाकों में जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आई। सड़कों पर पानी जमा होने से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।




Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372